# कार्यालयः–प्रधान मुख्य वन संरक्षक, झारखण्ड, राँची ।

19 वप-(9)/12-13 पत्रांकः– 2758 दिनांकः– 21.8.15

सेवा में

प्रधान मुख्य वन संरक्षक, वन्यप्राणी एवं मुख्य वन्यप्राणी प्रतिपालक, झारखण्ड, रांची।
क्षेत्रीय मुख्य वन संरक्षक,
रांची/हजारीबाग/संथाल परगना, दुमका/सिंहभूम, जमशेदपुर/बोकारो/पलामू, मेदिनीनगर।

विषय :– जंगली जानवरों द्वारा जान–माल, फसल, पालतू जानवर एवं मकान की क्षति के फलस्वरूप मुआवजा का भुगतान के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषयक सूचित करना है कि जंगली जानवरों द्वारा जान–माल, फसल, पालतू जानवर एवं मकान की क्षति के कारण हुए नुकसान का मुआवजा भुगतान हेतु आपके द्वारा पत्र /दूरभाष पर राशि की **मांग** के आलोक में **मुआवजा** इकाई में राशि का आवंटन आपको किया जा चुका है। आवश्यकतानुसार, मांग के अतिरिक्त **अग्रिम के रूप** में भी राशि का आवंटन आपको किया जा चुका है। आवंटित राशि (**लाख रू0 में**) की विवरणी निम्नवत् है :–

| क्र0 सं0 | नियंत्री पदाधिकारी | पत्र द्वारा मांग की राशि | अग्रिम के रूप में आवंटित राशि | कुल आवंटित राशि (3+4) | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | प्र0मु0व0सं0, वन्यप्राणी एवं मु0वन्यप्राणी प्रतिपालक, झारखण्ड | 39.11 | 15.00 | 54.11 | |
| 2 | क्षे0मु0व0सं0, रांची। | 100.00 | 15.00 | 115.00 | |
| 3 | क्षे0मु0व0सं0, हजारीबाग। | 20.00 | 20.00 | 40.00 | |
| 4 | क्षे0मु0व0सं0, संथालपरगना दुमका। | 41.00 | 10.00 | 51.00 | |
| 5 | क्षे0मु0व0सं0, सिंहभूम, जमशेदपुर। | 38.00 | 12.00 | 50.00 | |
| 6 | क्षे0मु0व0सं0, बोकारा। | 20.00 | 10.00 | 30.00 | |
| 7 | क्षे0मु0व0सं0, पलामू, मेदिनीनगर। | 10.00 | 5.00 | 15.00 | |
| | **योग– (लाख रू0 में)** | **268.11** | **87.00** | **355.11** | |

मुझे विश्वास है कि आपके द्वारा भी अपने अधीनस्थ वन प्रमंडल पदाधिकारियों को उनकी आवश्यकता के अनुसार राशि का उप–आवंटन कर दिया गया होगा। यदि उप–आवंटन नहीं किया गया हो तो तत्काल उन्हें उप–आवंटन कर दिया जाय ताकि उनके क्षेत्र के प्रभावित व्यक्तियों को राशि का भुगतान तत्परता से हो सके।

किसी भी दशा में जंगली जानवरों से जानमाल की घटनायें होने पर, प्रभावित व्यक्तियों को मुआवजा का भुगतान लम्बित नहीं रखा जाय।

कृपया इसे सर्व प्राथमिकता दी जाय।

विश्वासभाजन
ह0/–
प्रधान मुख्य वन संरक्षक,
झारखंड, रांची।

19 वप-(9)/12-13
ज्ञापांक– 2758 दिनांक– 21.8.15

प्रधान सचिव, वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, झारखण्ड सरकार को सूचनार्थ प्रेषित।

21/8/15

प्रधान मुख्य वन संरक्षक,
झारखंड, रांची।

Envi's Centre. Ranchi

OC